Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to allocate additional funds under 'Project Gigar for development of Bor Tiger Reser in Wardha, Maharashtra.

श्री रामदास तडस (वर्धा) : सभापति महोदय, धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री महोदय का ध्यान अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा के अंतर्गत भारत का 47 वां बोर टाइगर रिज़र्व 2016 में स्थापित हुआ है। … (व्यवधान) बोर टाइगर रिज़र्व भौगोलिक आकार से देश का सबसे छोटा टाइगर रिज़र्व प्रकल्प है और अनेक जंगलों को जोड़ने वाला एक प्रमुख गेटवे है। देश का सबसे छोटा टाइगर रिज़र्व प्रकल्प होने के बावजूद बोर टाइगर रिज़र्व पर्यटक वर्ग के लिए एक बड़ा आकर्षण का केंद्र बन रहा है। … (व्यवधान)

मेरा निवेदन है कि देश के सबसे छोटे बोर टाइगर रिज़र्व प्रकल्प के विकास के लिए व्याघ्र और वन संवर्धन को बढ़ावा देने हेतु "प्रोजेक्ट-टाइगर" के अंतर्गत केंद्र सरकार के माध्यम से अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने की कृपा करें। … (व्यवधान)